an>

Title: Vacancy position for reserved posts in various universities

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं भारत सरकार का ध्यान यूजीसी के 5 मार्च के सर्कुलर की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस सर्कुलर के माध्यम से देश के करीब 60 फीसदी पिछड़े, 22 फीसदी दलित और 7.5 फीसदी अनुसूचित जनजाति यानी देश के 85 फीसदी लोगों के साथ विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से अन्याय और अत्याचार हो रहा है।

वर्ष 1997 में एससी लोगों को रिजर्वेशन मिला और वर्ष 2007 में ओबीसी लोगों को रिजर्वेशन मिला। 2018 आते-आते यूपीएससी और एचआरडी मिनिस्ट्री को इन वर्गों का रिजर्वेशन बर्दाश्त नहीं हुआ और एक नया सर्कुलर जारी कर दिया। इस सर्कुलर के माध्यम से पहले 200 पदों का रोस्टर बना। विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों को सामान्य मानकर, एक युनिट मानकर जो रिजर्वेशन मिला था, अब उसे खत्म किया जा रहा है।

माननीय उपाध्यक्ष जी, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। अभी तमाम विश्वविद्यालयों में विज्ञापन आए हैं, हम पंजाब विश्वविद्यालय की बात करें तो 58 पदों में से केवल दो पद, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में केवल 63 में केवल पांच पद, कानपुर विश्वविद्यालय में 15 में जीरो पद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 113 में केवल 37 पद, काशी विश्वविद्यालय में 52 में आठ पद हैं, बीएचयू में 99 में केवल 20 पद हैं। इस तरह से अन्याय हो रहा है, उपेक्षा हो रही है, अत्याचार हो रहा है।

HON. DEPUTY SPEAKER: All right, please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Rajeev Satav and Shrimati Supriya Sule are permitted to associate with the issue raised by Shri Dharmendra Yadav.

देश के दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्गों के साथ …(व्यवधान) यह सरकार जो दावा ठोकती है कि हम दलितों के साथ हैं, पिछड़ों के साथ हैं, अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ है, वह एक ढकोसला है।…(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: The Minister will reply to both the issues.

… (*Interruptions*)

श्री धर्मेन्द्र यादव : उपाध्यक्ष जी, हमारे विषय पर सरकार जवाब दे, गृह मंत्री जी जवाब दें। …(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: He is going to speak on both the issues. He is giving reply to you also. Since Kerala issue has also been raised, he is going to reply to that also.

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एससी, एसटी अथवा ओबीसी, किसी भी कम्यूनिटी के रिजर्वेशन को न इस देश का कोई व्यक्ति छीन सकता है, न कोई संस्था छीन सकती है। …(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव : एचआरडी मिनिस्ट्री छीन रही है।…(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह: इस संबंध में एक एसएलपी भी कोर्ट में फाइल की गई है और कल इस संबंध में डिटेल्ड जानकारी प्राप्त करके…(व्यवधान) एचआरडी मिनिस्टर इसके बारे में बयान देंगे।…(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव : गृह मंत्री जी, इस बारे में ऑर्डिनेंस लाइए।

HON. DEPUTY SPEAKER: You may please continue.

श्री राजनाथ सिंह: मैंने एक सेंटेंस में कह दिया है।

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKARA) : What about flood, Sir?… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: He will reply to that also. Members are asking about floods in Kerala and Karnataka.

… (*Interruptions*)